मोहे ना बिसारो हे श्यामा प्यारी लिरिक्स

मोहे ना बिसारो हे श्यामा प्यारी,
दे दो सहारो हे श्यामा प्यारी,
मोहे ना बिसारों हे श्यामा प्यारी।bd।

mohe na bisaro hey shyama pyari

तर्ज – जहाँ ले चलोगे वहीँ मैं।

मैं जानता हूँ की नहीं तेरे काबिल,
गुनाहों से भरपूर है ये मेरा दिल,
मुझको सवारों हे श्यामा प्यारी,
मोहे ना बिसारों हे श्यामा प्यारी।bd।

मैं हूँ पतित तुम हो पतित पावन,
बैठा हूँ दर तेरे फैला के दामन,
कृपा कर निहारों हे श्यामा प्यारी,
मोहे ना बिसारों हे श्यामा प्यारी।bd।

बिच भवर में अटक रहा हूँ,
जनम जनम से मैं भटक रहा हूँ,
दे दो किनारो हे श्यामा प्यारी,
मोहे ना बिसारों हे श्यामा प्यारी।bd।

'चित्र विचित्र' के जीवन की डोरी,
कर कमलों में थामे बैठी हो किशोरी,
भक्ति रंग डारो हे श्यामा प्यारी,
Bhajan Diary Lyrics,
मोहे ना बिसारों हे श्यामा प्यारी।bd।

मोहे ना बिसारो हे श्यामा प्यारी,
दे दो सहारो हे श्यामा प्यारी,
मोहे ना बिसारों हे श्यामा प्यारी।bd।

स्वर सुमना बाबा श्री चित्रविचित्र बिहारीदासजी सहायक।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाईल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com